संख्या-1370061 /60-1099/371/2025

प्रेषक,

अवनीश कुमार सिंह,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
महिला कल्याण,
उ0प्र0, लखनऊ।

महिला कल्याण अनुभाग-1 लखनऊ::दिनांक:: 19 जून, 2026

विषय:- विभाग मे विभिन्न योजनाओ (केन्द्र पोषित/राज्य पोषित) के अन्तर्गत आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत समस्त कम्प्यूटर आपरेटर तथा चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों के वेतन/मानदेय बढ़ोत्तरी के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक् समस्त आउटसोर्सिंग कार्मिकों, महिला कल्याण विभाग के पत्र दिनांक 28.05.2026 (छायाप्रति संलग्न) का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि सेवाप्रदाता एजेन्सी द्वारा सर्विस टैक्स/जी0एस0टी0 आदि के उपरान्त उन्हें अल्प वेतन/मानदेय मिल रहा है, जिससे उनके परिवार को वर्तमान महंगाई के देखते हुए अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है तथा उनके परिवार के अन्य सदस्यों को भी मानसिक/शारीरिक/आर्थिक रूप से अत्यन्त परेशानी हो रही है।

2- उपरोक्त स्थिति से अवगत कराते हुए सचिवालय प्रशासन अनुभाग-13 (विविध), उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या-3/2025/205/बीस-13-वि-2025, दिनांक 19.09.2025 (छायाप्रति संलग्न) में उल्लिखित डाटा इंट्री आपरेटर्स हेतु रू0 25,000/- एवं कार्यालयीय अधीनस्थ कर्मी हेतु रू0 21,000/- तथा श्रेणी-3 में अंकित टंकण सेवायें हेतु रू0 22,000/- एवं श्रेणी-4 में कार्यालयीय सेवायें (स्तर-4) में रू0 20,000/- प्रतिमाह के अनुसार दिनांक 01 अप्रैल, 2026 से वेतन/मानदेय का दिलाये जाने के संबंध में संबंधित को आदेशित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

3- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया सचिवालय प्रशासन अनुभाग-13 (विविध), उ0प्र0 शासन के उक्त शासनादेश दिनांक 19.09.2025 के आलोक में प्रश्नगत प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

Digitally signed by
AVNEESH KUMAR SINGH
Date: 19-06-2026
12:22:16

भवदीय,

(अवनीश कुमार सिंह)
अनु सचिव